कार्यालय संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग बिलासपुर छत्तीसगढ़

email:- bsp.jd19@gmail.com फोन नं. --07752--493695

क्रमांक /शिकायत/न.क.358/2026 1904 बिलासपुर दिनांक 25/05/26

प्रति,

जिला शिक्षा अधिकारी
जिला--बिलासपुर (छ.ग.)

विषयः-- दस्तावेज उपलब्ध कराने बाबत्।

संदर्भ-- श्री विकास तिवारी, सहा.ग्रे--02 कार्या. वि.खं.शि.अधि. बिल्हा का पत्र ।

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख हैं कि संदर्भित पत्र के माध्यम से कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी बिलासपुर में सहा.ग्रे--01 के पद पर श्री विकास तिवारी के स्थान पर उनसे कनिष्ठ श्री जी.एन. द्विवेदी को दी गई पदोन्नति के संबंध में शिकायत प्रस्तुत की है। प्रकरण से संबंधित निम्नलिखित दस्तावेजों के साथ दिनांक 28.05.2026 को समय 11:00 बजे स्थापना शाखा प्रभारी एवं शिकायत शाखा प्रभारी को उपस्थित कराना सुनिश्चित करें--

1. सहा.ग्रे.01 हेतु जारी अंनतरिम सूची (अप्रेल 2025 की स्थिति में) के प्रकाशन पश्चात् जारी दावा. आपत्ति के संबंध में दी गई सूचना एवं दावा आपत्ति हेतु प्राप्त आवेदन की जानकारी ।
2. प्राप्त दावा आपत्ति के निराकरण के संबंध में की गई कार्यवाही।
3. पदोन्नति हेतु पात्र/वरिष्ठता सह योग्य कर्मचारियों की संख्या एवं रिक्त पदों की जानकारी।
4. डीपीसी की बैठक में समिति द्वारा अनुमोदित/अनुशंसित कार्यवाही विवरण की प्रति।
5. डीपीसी की कार्यवाही पंजी का अवलोकन करने से पाया गया कि डीपीसी की बैठक दिनांक 24.12.2025 को आहुत की गई व श्री विकास तिवारी को दि. 23.01.2026 द्वारा निलंबित किया गया हैं। क्या डीपीसी में श्री विकास तिवारी के नाम पर विचार किया गया अथवा नहीं ?
6. श्री जी.एन. द्विवेदी द्वारा प्रस्तुत पांच वर्षों का गोपनीय चरित्रावली एवं चल--अचल सम्पत्ति विवरण।
7. श्री विकास तिवारी को निलंबित करने से पूर्व संबंधित को जारी किया गया कारण बताओ सूचना पत्र एवं अन्य पत्राचार।
8. प्रकरण से संबंधित अन्य आवश्यक दस्तावेजों की मूल प्रति एवं छाया प्रति।

25.05.26

जांचकर्ता अधिकारी/सहा. संचालक
शिक्षा संभाग बिलासपुर
छत्तीसगढ

पृ. क्रमांक /शिकायत/न.क. 358/2026 1905 बिलासपुर दिनांक 25/05/26

प्रतिलिपिः--

1. संयुक्त संचालक, शिक्षा संभाग बिलासपर को सादर सूचनार्थ।
2. श्री विकास तिवारी, सहा.ग्रे--02, कार्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी बिल्हा जिला बिलासपुर को सूचनार्थ।

25.05.26

जांचकर्ता अधिकारी/सहा. संचालक
शिक्षा संभाग बिलासपुर
छत्तीसगढ

civilindia.in